भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोकसभा
तारांकित प्रश्न संख्या : 149
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 13 फरवरी, 2023
24 माघ 1944 (शक)

केन्द्र द्वारा संरक्षित स्मारकों का परिरक्षण

***149. श्री एस. वेंकटेशन:**
श्री कमलेश पासवान :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत केन्द्र द्वारा संरक्षित स्मारकों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022 में संसद को दी गई जानकारी के अनुसार केन्द्र द्वारा संरक्षित 50 स्मारक गायब हैं ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) भारत में केन्द्र द्वारा संरक्षित स्मारकों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं /उठाए जा रहे हैं ?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 13.02.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 149 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) : देश भर में राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और स्थलों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है ।

(ख) और (ग): जी, नहीं। 2013 में संसद के पटल पर रखी गई, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट में 92 संरक्षित स्मारकों के लापता पाए जाने का उल्लेख किया गया था। तथापि, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने 68 स्मारकों का पता लगा लिया है और 24 स्मारकों का अभी पता नहीं लगा है। इन 24 स्मारकों की सूची **अनुबंध-II** में दी गई है।

(घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा स्मारकों की स्थिति का आकलन करने के लिए समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है और तदनुसार वार्षिक निर्माण कार्य कार्यक्रम तैयार किया जाता है। इसके पश्चात् आवश्यकता, प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण संबंधी कार्य किए जाते हैं।

लोक सभा में दिनांक 13.02.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. 149 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।

देश में राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों /स्थलों की राज्य–वार संख्या

क्र.सं .	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	स्मारकों की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	135
2	अरूणाचल प्रदेश	03
3	असम	55
4	बिहार	70
5	छत्तीसगढ़	46
6	दमण एवं दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	11
7	गोवा	21
8	गुजरात	205
9	हरियाणा	91
10	हिमाचल प्रदेश	40
11	जम्मू एवं कश्मीर	56
12	झारखंड	13
13	कर्नाटक	506
14	केरल	29
15	लद्दाख (संघ राज्य क्षेत्र)	15
16	मध्य प्रदेश	291
17	महाराष्ट्र	286
18	मणिपुर	01
19	मेघालय	08
20	मिजोरम	01
21	नागालैंड	04
22	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली	173
23	ओडिशा	80
24	पुद्दुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	07
25	पंजाब	33
26	राजस्थान	163
27	सिक्किम	03
28	तेलंगाना	08
29	तमिलनाडु	412
30	त्रिपुरा	08
31.	उत्तर प्रदेश	743
32	उत्तराखंड	44
33	पश्चिम बंगाल	135
	कुल योग	3696

लोक सभा में दिनांक 13.02.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. 149 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।

ढूंढे न जा सकने वाले स्मारकों/स्थलों की सूची

असम	
1.	सादिया, तिनसुकिया में सम्राट शेरशाह की बंदूकें
अरूणाचल प्रदेश	
2.	पाया, लोहित जिले में ताम्र मंदिर के खंडहर
हरियाणा	
3.	कोस मीनार, मुजेसर, फरीदाबाद
4.	कोस मीनार, शाहाबाद, कुरुक्षेत्र
उत्तराखंड	
5.	कुटुम्बरी मंदिर , द्वाराहाट, अल्मोड़ा
दिल्ली	
6.	बारा खंभा कब्रिस्तान, दिल्ली
7.	इंचला वाली गुमटी, मुबारकपुर कोटला
मध्य प्रदेश	
8.	शिलालेख, सतना
महाराष्ट्र	
9.	पुणे में पुराना यूरोपीय मकबरा
10.	अगरकोट में एक बुर्ज
राजस्थान	
11.	किले में शिलालेख, नागर, टोंक
12.	12वीं सदी के मंदिर, बारन
उत्तर प्रदेश	
13.	अहुगी, मिर्जापुर में 1000 ई के तीन छोटे लिंग मंदिर परिधि के अवशेष
14.	पहाड़ी के पश्चिमी और उत्तर पूर्वी तलहटी पर तीन महापाषाण स्थल, चंदौली
15.	ट्रेजरी भवन, वाराणसी मे लघुशिला
16.	तेलिया नाला बौद्ध खंडहर, वाराणसी
17.	बरगद के बगीचे सहित प्राचीन इमारत के अवशेष, अमावे, बलिया
18.	बंद कब्रिस्तान, कटरा नाका, बांदा
19.	गनर बुर्किल के मकबरे, महरोनी, ललितपुर
20.	तीन मकबरे, लखनऊ फैजाबाद रोड, लखनऊ
21.	6 और 7 मील पर कब्रिस्तान, जहरैला रोड, लखनऊ
22.	गौघाट, लखनऊ में स्थित कब्रिस्तान
23.	सांडी- खेड़ा के नाम से जाना जाने वाला विशाल खंडहर स्थल, पाली, शाहाबाद, जिला हरदोई
पश्चिम बंगाल	
24.	किले के अवशेष, बामनपुकुर, नदिया

*****